भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3679

03 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड

3679. सुश्री इंदु बाला गोस्वामी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड ने दो दशक पहले हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के अर्की स्थित इस्पात संयंत्र में उपयोग होने वाले चूना पत्थर के भंडारों का पता लगा कर उसे निकालने की योजना बनाई थी; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या वर्तमान में यहाँ से चूना पत्थर निकाला जा रहा है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): एनएमडीसी ने दिनांक 23.04.1991 को अर्की, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में चूना पत्थर भंडारों के खनन का पट्टा प्राप्त किया था। यह परियोजना लॉजिस्टिक सहित अनेक मुद्दों की वजह से अव्यवहार्य हो गई। एनएमडीसी लिमिटेड ने दिनांक 12.08.2021 को अर्की चूना पत्थर खनन पट्टे को अभ्यर्पित कर दिया, जिसे राज्य सरकार द्वारा दिनांक 08.12.2021 को स्वीकार कर लिया गया है।

****